



# पोरसा-कैलारस व बानमोर में मिठाई की दुकानों पर सेम्पलिंग

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 अगस्त ।** रक्षाबंधन के त्यौहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें मैदान में उतर आईं है। गुरूवार को तीन अलग-अलग फूड

**फूड सेफ्टी विभाग की टीमों ने कुल 13 प्रतिष्ठानों से लिए मिठाई, मावा, बेसन, मैदा के 21 नमूने**

सेफ्टी टीमों ने कैलारस, पोरसा और बानमोर में मिठाई की 13 दुकानों पर पहुंचकर सैंपलिंग की कार्रवाई की। सभी 13 प्रतिष्ठानों से कुल 21 सैंपल लिए गए है।

कस्बा बानमोर में फूड सेफ्टी अधिकारी अवनीश गुप्ता की टीम ने सबसे पहले पंडित स्वीट्स की दुकान पर कार्रवाई की। यहां से बेसन के लड्डू और मावा बरफी के नमूने लिए।

इसी क्रम में शुभांगी मिष्ठान्न भंडार से मिल्क केक और मावा पेड़ा तथा कस्तूरी मिष्ठान्न भंडार से इमरती, सोन पपड़ी, बूंदी के लड्डू के सैंपल लिए गए। इधर कैलारस कस्बे में एफएसओ अनिल प्रताप सिंह परिहार, महेन्द्र सिरोहिया की टीम ने कुल 4 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। टीम ने एमएस रोड पर स्थित चौपाल कैफे से बेसन व मैदा के नमूने लिए। इसी क्रम में एमएस रोड स्थित मोरमुकुट मिष्ठान्न भंडार से पनीर, बेसन के लड्डू, सोन पपड़ी, गोयल मिष्ठान्न भंडार से मावा का नमूना लिया गया। चौथी कार्रवाई रेलवे स्टेशन के सामने स्थित श्रीराम मिष्ठान्न भंडार पर की गई।

यहां से मावा बरफी, बूंदी के लड्डू के सैंपल लिए गए है। सभी नमूनों को जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा जा रहा है।

### पोरसा में फूड सेफ्टी टीम ने 6 प्रतिष्ठानों से लिए सैंपल

एफएसओ गिरीश राजौरिया ने गुरूवार को अपनी टीम के साथ कस्बा पोरसा में मिठाई की दुकानों पर कार्रवाई की। टीम ने अग्रवाल स्वीट्स से मावा, पंडितजी हलवाई से मावा, बालाजी स्वीट्स से मलाई बरफी, गुरुदेव मिष्ठान भंडार से मावा, जोधपुर मिष्ठान भंडार से सोनपपड़ी, सोयाबीन तेल और गर्ग मिष्ठान भंडार से सोन पपड़ी का सैंपल लिया।



### बानमोर में दो मिठाई की दुकानों से 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**मुरैना, 7 अगस्त ।** घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक रूप से प्रयोग न हो। इसके लिए कलेक्टर के निर्देशन में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक उमेशचन्द्र शर्मा ने गुरूवार को बानमोर कस्बे में मां कैलादेवी मिष्ठान भण्डार एवं सांवरिया सेठ नाश्ता कॉर्नर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मां कैलादेवी मिष्ठान भण्डार बानमौर से 04 इण्डेन कंपनी के घरेलू गैस सिलेंडर एवं सांवरिया सेठ नास्ता कॉर्नर से 2 इण्डेन कंपनी के घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये। घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग पाये जाने पर मध्यप्रदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# 4 लाख की अंग्रेजी शराब से भरी कार पकड़ी, 2 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 अगस्त ।** लक्जरी कार में अंग्रेजी शराब की तस्करी करते हुए दो तस्करों को नूराबाद पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने कार से 4 लाख कीमती अंग्रेजी शराब की 15 पेटियां जब्त कीं है। शराब सहित कार को जब्त कर पुलिस ने दोनों तस्करों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है।

जानकारी के अनुसार नूराबाद थाना प्रभारी एसआई अतुल सिंह परिहार को मुखबिर ने सूचना दी

**नूराबाद पुलिस की कार्रवाई, मुरैना से बानमोर की ओर ले जाई जा रही थी शराब**

कि तस्कर एनएच-44 हाईवे से होकर कार में शराब की बड़ी खेप लेकर जाने वाले है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हाईवे पर सांक नदी के पुल पर चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने मुरैना की ओर से आ रही सफेद रंग की एक कार क्रं. एमपी07-सीसी-2926 को पकड़ा। कार में दो युवक सवार थे। जिनको हिरासत में ले लिया गया।

उन्होंने पूछताछ में अपने नाम रोहन कुशवाह व संजय चौबे निवासी ग्वालियर बताए। जांच के दौरान पुलिस ने कार से अंग्रेजी



शराब की 15 पेटियां जब्त कीं। जिनका बाजारू मूल्य 4 लाख रूपये बताया गया है। शराब के साथ कार को जब्त कर पुलिस ने दोनों तस्करों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। कार्रवाई में एसआई अतुल सिंह परिहार, एएसआई सुधाकर चतुर्वेदी, आरक्षक शक्ति जाट, सुरेन्द्र जाट, शशिकांत, आर. चालक भूपेन्द्र, आरक्षक गोपेश तोमर शामिल थे।

### नवनिर्वाचित पंच-सरपंचों का सम्मेलन 12 अगस्त को

**मुरैना, 7 अगस्त ।** समस्त जनपद पंचायतों के अंतर्गत पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29 जुलाई को संपन्न हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन उपरांत यहां पूर्व से उप सरपंच के पद रिक्त हो तो उनको भी सम्मिलित करते हुए उप सरपंच के पदों के निर्वाचन के लिए निर्वाचित पंचों एवं सरपंच का सम्मिलन बुलाने जाने के लिए आयोग द्वारा 12 अगस्त मंगलवार को नियत की गई है। कलेक्टर ने आयोजन हेतु मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियमों एवं अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार समस्त कार्यवाही समयसीमा में संपन्न कराये के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी अम्बाह, मुरैना, जौरा एवं सबलगढ़ को जारी किये है।

# पीएम आवास-2 .0 में हितग्राहियों को मिलेगी 1 .80 लाख सब्सिडी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 अगस्त ।** ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक का आयोजन गुरूवार की शाम को जिला पंचायत के सभागार में हुआ। इस बैठक में ननि आयुक्त

**बीएलबीसी की बैठक में ननि आयुक्त ने हितग्राहियों को सौंपे स्वीकृति पत्र**

सत्येन्द्र धाकरे ने पीएम आवास योजना-2.0 के बारे में बैंकर्स को जानकारी दी।

बैंकर्स से संवाद करते हुए ननि आयुक्त श्री धाकरे ने कहा कि इस योजना के तहत ऐसे हितग्राही



जिनकी सालाना आय 9 लाख से कम है, उन्हें सरकार की ओर से आवास योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रूपये की इंटरेस्ट सब्सिडी दी जाएगी।

आयुक्त श्री धाकरे ने बताया कि इस योजना में बैंक द्वारा अधिकतम 25 लाख तक की राशि लोन के रूप में दी जाएगी। इस बैठक में ननि आयुक्त श्री धाकरे और एलडीएम सिद्धार्थ कुमार ने संयुक्त रूप से पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। बैठक में शहर के सभी बैंकर्स सहित नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान, आवास योजना की नोडल अधिकारी स्नेहा राजावत, विक्रम शर्मा, आदित्य श्रीवास्तव, गौरव सिकरवार, सोनू शर्मा, अभिषेक घुरैया, बलवीर कुशवाह सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

# मुरैना में किसान संघ की आक्रोश रैली व प्रदर्शन 11 को

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 7 अगस्त ।** भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में 11 अगस्त को मुरैना मुख्यालय पर किसान आक्रोश

**रैली की तैयारियों को लेकर पोरसा इकाई का अभ्यास वर्ग आयोजित**

रैली एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर गुरूवार को पोरसा में संघ के अभ्यास वर्ग का आयोजन हुआ। जिसमें रैली एवं प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।



अभ्यास वर्ग का आयोजन स्थानीय शिवम कॉलेज में हुआ। जिसमें संगठन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजवीर सिंह भदौरिया ने की।

विशेष अतिथि बतौर राजेंद्र तोमर, मनवीर तोमर, रामपाल तोमर, राजबहादुर तोमर, अशोक तोमर, रामसेवक तोमर, रामकुमार शर्मा उपस्थित थे। संचालन रामनरेश तोमर ने किया। अभ्यास वर्ग में मौजूद एक सैकड़ा से अधिक किसानों को भारत के संविधान में उल्लेखित उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया कि आगामी 11 अगस्त को मुरैना जिला मुख्यालय पर किसानों की मांगों को लेकर किसान आक्रोश रैली एवं प्रदर्शन का आयोजन होगा। प्रदर्शन के बाद मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।

# बानमोर में अंबा शक्ति सरिया फैक्टरी में इन्कम टैक्स का छापा



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 अगस्त ।** आयकर विभाग की टीमों द्वारा बुधवार की शाम को बानमोर औद्योगिक क्षेत्र स्थित अंबा शक्ति सरिया फैक्टरी में छापा मारा। छापे की कार्रवाई लगातार 24 घंटे तक चली। कार्रवाई में आयकर विभाग की ग्वालियर, दिल्ली और मुरैना की टीमें शामिल रहीं।

बुधवार की शाम करीब पांच बजे अचानक औद्योगिक क्षेत्र स्थित अंबा शक्ति सरिया फैक्टरी में हड़कंप मच गया। वजह थी आयकर विभाग की टीमों द्वारा छापामार कार्रवाई। टीम ने फैक्टरी में प्रवेश करने के बाद मेनगेट को बंद करा दिया। श्रमिकों को भी अंदर जाने से रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग को पड़ताल के दौरान अंबा शक्ति सरिया इंडस्ट्रीज के संचालकों द्वारा आयकर चोरी किए जाने का पता चला था। जिसे लेकर बुधवार की शाम कार्रवाई की गई।

कार्रवाई लगातार 24 घंटे तक चली। गुरूवार की शाम तक चली कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग की टीमों के हाथ क्या लगा, किन दस्तावेजों को टीम अपेनल साथ ले गई है। यह ज्ञात नहीं हो सका है।

# व्यापम घोटाला : खाकी पहनकर कांग्रेस विधायकों का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 अगस्त ।** व्यापम घोटाले के विरोध में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस

**मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर बोले सड़क से सदन तक करेंगे संघर्ष**

विधायकों ने खाकी वदी पहनकर सदन के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल मुरैना विधायक दिनेश सिंह गुर्जर ने कहा कि




व्यापम घोटाला मप्र के लाखों युवाओं के साथ भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ऐसे युवाओं को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

इस प्रदर्शन के माध्यम से विधायकों ने व्यापम के तहत बीते दिनों आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में हुई धांधली को उजागर करने का प्रयास किया।

प्रदर्शन कर रहे मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि व्यापम घोटाला सामने आने के बाद भी मप्र में सरकारी भर्तियों में धांधली पर अंकुश लगाने में सरकारी तंत्र विफल साबित हुआ है। जिसकी वजह सरकारी भर्तियों में राजनेताओं, अधिकारियों की संलिप्तता होना है।

मप्र की भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं में बिचौलियों की मदद से राजनेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बड़े स्तर पर धांधली कर करोड़ों रूपयों का लेनदेन कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पुलिस भर्ती परीक्षा ने इस गड़बड़झाले की पोल खोलकर रख दी है। विधायक श्री गुर्जर ने पुलिस भर्ती परीक्षा में हुई धांधली को व्यापम पार्ट-2 करार दिया है। उन्होंने घोटाले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराए जाकर दोषियों को सजा दिए जाने की मांग की है।

## एक नजर में




### शिशु के पोषण के लिए स्तनपान अत्यंत जरूरी : श्वेता

**मुरैना, 7 अगस्त ।** मां का दूध हर शिशु का अधिकार होता है। शिशु के पोषण का पहला कदम स्तनपान होता है। स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु होने पर ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव हो सकता है। महिलाओं को स्तनपान के लिए प्रेरित करने वाली यह बात इनर व्हील क्लब मुरैना की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता माहेश्वरी ने कही। श्रीमती माहेश्वरी, गुरूवार को स्तनपान जागरुकता कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं को स्तनपान के प्रति जागरुक करने का प्रयास कर रहीं थी। महिलाओं को स्तनपान के लिए जागरुक करने इनर व्हील क्लब की ओर से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर क्लब की सचिव साक्षी गोयल, आरती कोठारी, श्रीमती नीरज गुप्ता, श्रीमती अंजलि जैन, श्रीमती स्वाति मंगल, डॉ . सुधा माहेश्वरी आदि ने मेटरनिटी वार्ड को स्तनपान के प्रति जागरुक करने वाले स्लोगन लिखकर सजाया था। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने प्रसूताओं से संवाद कर उन्हें स्तनपान के महत्व से अवगत कराया और नवजात शिशु को नियमित रूप से स्तनपान कराने के लिए प्रेरित किया।

### पोरसा में मां आसमानी लंबी कूद प्रतियोगिता 9 अगस्त को

**मुरैना/पोरसा ।** तहसील पोरसा के ग्राम औरेठी में मां आसमानी लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन कल 9 अगस्त को किया जाएगा। रक्षाबंधन के त्यौहार पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता 9 अगस्त की शाम 4 बजे शुरू होगी। प्रतियोगिता के विजेता को 2100 रूपये नकद पुरुस्कार दिया जाएगा। द्वितीय पुरुस्कार 1100 और तृतीय पुरुस्कार 551 रूपये का दिया जाएगा। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया जाएगा।

# योगासन प्रतियोगिता प्रतिभा का प्रदर्शन करने का उचित मंच

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 अगस्त ।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरैना के तत्वावधान में जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

**जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

स्थानीय काशीबाई धर्मशाला में हुआ। जिसमें 10 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

एसोसिएशन की मीडिया प्रभारी महिमा जैन ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य योगासन को बढ़ावा देना था। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए उचित मंच प्राप्त हुआ।

समापन अवसर पर एएसपी सुरेन्द्रपाल सिंह डाबर, पूर्व विधायक रघुराज कंषाना मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं प्रदीप व्यास, अविनाश अग्रवाल, जिला खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाह, डॉ. सुरेश गुप्ता, अर्चना शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। संचालन योगाचार्य जयकिशन शर्मा एवं महिमा जैन ने किया। प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक महेश पाल गुना, रागिनी बंसल मुरैना, अर्पणा राठौड़ ग्वालियर, नायला मुरैना, सचिन मुरैना, योगेन्द्र राजावत ग्वालियर, संजू शर्मा मुरैना, रिचा राठौर, दिव्या शर्मा, नेहल तोमर ग्वालियर उपस्थित रहे। आयोजन में मुरैना शहर सहित जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों ने सहभागिता की। आयोजन के दौरान 6 केटेगिरी में महिला-पुरुष वर्ग में अलग-अलग इंवेंट रखे गए। जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए।



# बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा व रहने को उचित स्थान मिले : पंकज

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 7 अगस्त ।** मप्र विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शून्य काल में जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने चंबल नदी की बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों के मुद्दे को उठाया। उन्होंने सदन में बाढ़ प्रभावित लोगों को जल्द उचित

**विधानसभा में शून्यकाल के दौरान जौरा विधायक ने की मांग**

मुआवजा दिए जाने के साथ उनके रहने के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की।

शून्य काल के दौरान सदन में बोलते हुए जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि चंबल नदी में आई बाढ़ से जौरा विधानसभा के बीलगाढ़ा, होराबरा, जुगुरापुरा, आमलीपुरा, चिन्नौनी चंबल, बहादुरपुरा, कलुआपुरा, वेदपुरा, बरसैनी आदि गांवों में ग्रामीणों को



भारी नुकसान पहुंचा है। घरों में पानी घुसने से गृहस्थी का सामान और राशन पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। बाढ़ की चपेट में आने से ग्रामीणों को पशुधन की हानि भी झेलनी पड़ी है।

उन्होंने सदन में कहा कि बाढ़ग्रस्त परिवारों को प्रशासनिक स्तर पर जल्द से जल्द राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए और नदी किनारे रहने वाले परिवारों का ऊंचें स्थानों पर पुर्नवास कराया जाए। जिससे प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से उन्हें नुकसान ना हो। उन्होंने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित हुए मल्लाह समाज के लोगों को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग भी सदन में उठाई।